हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 281 देहरादून, मंगलवार, 02 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी के वॉर से जंगल वॉर ख़त्म 3

# मोदी की आशिर्वाद पटरी पर धामी की भरोसा एक्सप्रेस को मिल रही है दैवीय रफ़्तार

## ९० मिनट तक चली पीएम मोदी और सीएम धामी की अहम बैठक



**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नयी दिल्ली / देहरादून , 2 मई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड के विकास में उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ धाम का प्रसाद, गंगा तुलसी, गंगोत्री यमुनोत्री, अलकनंदा और मंदाकिनी का गंगाजल के साथ ही रुद्राक्ष की माला भी भेंट की।

डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। जोशीमठ में केंद्र सरकार के सहयोग से राहत कार्य किए जा रहे हैं। वहां स्थिति सामान्य है। प्रधानमंत्री ने जोशिमठ के संदर्भ में केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से माह अक्टूबर/नवम्बर 2023 में राज्य में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने समिट कराये जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने उक्त इन्वेस्टमेंट समिट के उदघाटन के लिए माह अक्टूबर/ नवम्बर 2023 में समय दिए जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विश्व प्रसिद्ध चारधाम की तर्ज पर कुँमाऊ में मानसखण्ड मन्दिर माला परियोजना प्रारंभ की गयी है। इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना के अन्तर्गत कुँमाऊ मण्डल के महत्वपूर्ण पौराणिक / ऐतिहासिक स्थलों को सर्किट से परस्पर जोड़कर लोकप्रियता प्रदान की जायेगी ताकि देश-विदेश से तीर्थयात्री / पर्यटकों को यहाँ आने हेतु आकर्षित किया जा सके और उनकी यात्रा सुगम बनायी जा सके। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी से मानसखण्ड के अन्तर्गत जागेश्वर धाम, ₹आदि कैलाश / पार्वती सरोवर / ओम पर्वत के दर्शन, लोहाघाट में रामकृष्ण मठ के अद्वैत आश्रम की शाखा मायावाती आश्रम की यात्रा के साथ ही सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में जनसम्बोधन एवं विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के लिए आने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शहरी क्षेत्रों के विकास के अन्तर्गत लगभग 5 से 7 नये शहर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्रथम चरण में उधमसिंह नगर के अन्तर्गत किच्छा में स्थित 2000 एकड़ के पराग फार्म में शहर विकसित करने का प्रस्ताव है। इसके लिए आवास और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्रालय (MoHUA) से रू0 1000 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। यह ग्रीन फील्ड सिटी रूद्रपुर से मात्र 15 कि0मी0 दूरी पर स्टेट हाईवे 47 पर अवस्थित होगी। नजदीकी रेलवे स्टेशन पंतनगर होगा। यह आर्थिकी की दृष्टिकोण से अमृतसर- कोलकत्ता इंडस्ट्रियल कॉरीडोर से गुजरेगा। इस प्रस्तावित शहर के समीप 200 से 250 एकड़ का नोलेज पार्क तैयार करने का प्रस्ताव है। इस शहर के विकसित होने पर लगभग 7000 करोड़ का निजी निवेश अपेक्षित है, जिसमें 50 हजार लोगों के रोजगार सृजन के साथ ही लगभग दो लाख लोगों की आवासीय व्यवस्था सम्भावित हैं। मुख्यमंत्री ने इस ग्रीन फील्ड सिटी को विकसित करने के लिए अपेक्षित धनराशि अवमुक्त कराने का अनुरोध भी किया।



## नए मंत्रियों और दायित्वों के नाम पर भी सहमति का अहसास



मानसखण्ड के अन्तर्गत जागेश्वर धाम, ₹आदि कैलाश / पार्वती सरोवर / ओम पर्वत के दर्शन, लोहाघाट में मायावाती आश्रम की यात्रा के साथ ही सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में जनसम्बोधन एवं विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के लिए आने का भी प्रधानमंत्री से आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के दिशा-निर्देश में क्षेत्रीय संपर्क योजना के अर्न्तगत राज्य में वायु सेवाओं में उत्तरोतर वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने राज्य में हवाई सेवाओं के त्वरित विकास हेतु भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य से सम्बन्धित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरादून स्थित जॉलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु 243 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु फीजिबिलिटी सर्वेक्षण किया जा चुका है।



मुख्यमंत्री ने नैनी सैनी एयरपोर्ट का महानिदेशक नागरिक उड्डयन से लाइसेंस नवीनीकरण, एन-टीआरओ से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाए जाने का अनुरोध किया। देहरादून-पिथौरागढ़ - हिण्डन वायु सेवा और देहरादून हल्द्वानी- पिथौरागढ़ अल्मोड़ा हेलीकॉप्टर सेवा के सुचारू संचालन के लिए संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 वर्षों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को 5.5 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटन कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सेवा क्षेत्रों में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए माह अक्टूबर / नवम्बर 2023 में राज्य में इन्वेस्टमेंट


# क्या चांदी का कड़ा पहनने से ये बीमारी ठीक हो जानती है ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 2 मई : कुंडली में शुभ ग्रह के कमजोर होने पर जातक को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए ज्योतिष राशि अनुसार रत्न धारण करने की सलाह देते हैं। साथ ही अलग-अलग धातु के कड़े भी धारण करने के लिए कहते हैं। वहीं, चंद्रमा के कमजोर रहने पर चांदी का कड़ा पहनने की हिदायत देते हैं। चांदी का कड़ा धारण करने से कई लाभ मिलते हैं। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं।

ज्योतिषियों की मानें तो चांदी का कड़ा पहनने से धन की देवी मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। उनकी कृपा जातक पर बरसती है। इससे जातक के घर में धन की कभी कमी नहीं होती है। अगर आप मां लक्ष्मी को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो शुक्रवार के दिन चांदी का कड़ा धारण करें। ज्योतिष शास्त्र में निहित है कि चांदी का संबंध चंद्रमा से होता है। इसे धारण करने से शीतलता प्राप्त होती है। अगर किसी व्यक्ति को अत्यधिक क्रोध आता है, तो उसे चांदी का कड़ा धारण करना चाहिए। इससे मन एकाग्र और शांत रहता है। साथ ही मानसिक तनाव से भी निजात मिलता है।

- ज्योतिषियों का कहना है कि चांदी का कड़ा धारण करने से शरीर में सकारात्मक शक्ति का संचार होता है। इसके लिए हाथ में चांदी का कड़ा धारण करना शुभ होता है। इससे मन में आने वाले नकारात्मक विचार भी दूर होते हैं। जिन जातकों की कुंडली में चंद्रमा कमजोर होता है। उनका मन अशांत रहता है। साथ ही मानसिक तनाव और बेचैनी रहती है। ज्योतिष चंद्रमा मजबूत करने के लिए चांदी का कड़ा पहनने की सलाह देते हैं। इसके लिए शुक्रवार का दिन शुभ होता है। अगर आप चांदी का कड़ा धारण करना चाहते हैं, तो शुक्रवार के दिन पहन सकते हैं। इससे चंद्र दोष भी दूर होता है।



# स्मार्ट सिटी के कार्यों में अनियमितता : राजकुमार

## जनहित में कांग्रेसियों का बड़ा प्रदर्शन




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 2 मई , स्मार्ट सिटी के कार्यों में अनियमितताओं के कारण जनता हो रही परेशानियों के विरोध में कांग्रेसियों ने ज्ञर्स्मार्अ सिटी के कार्यालय पहुंचकर परियोजना प्रबंधक के कार्यालय पर प्रदर्शन कर घेराव किया और स्मार्ट सिटी का कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी है कि जल्द की कार्यों को पूर्ण नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जायेगा।इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि प्रारंभ से ही देहरादून शहर में चल रहे स्मार्ट सिटी के कार्य में अनियमिताओं के कारण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत कई हजार करोड़ रूपए की परियोजना जारी की गई थी जिसके तहत राजधानी के ईसी रोड चकराता रोड, राजपुर रोड पर साढ़े आठ किमी लंबी सडक की स्मार्ट रोड में विकसित किया जाना और मल्टी यूटिलिटी डक्ट का निर्माण किया जाना है । उन्होंने कहा कि राजधानी के तमाम इलाकों, में स्मार्ट शौचालय बनाने के साथ ही 49 व्यस्ततम चौराहों पर अत्याधुनिक ट्रैफिक लाइटें भी लगाई जानी है तथा राजधानी की जल निकासी व्यवस्था को भी सुचारू करने के साथ ही ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है जिसमें कलक्ट्रेट समेत तमाम सरकारी विभागों के कार्यालय खोले जायेंगे तथा राजधानी में 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी किया जाना है परन्तु यह सब व्यर्थ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का कार्य विभागों के साथ तालमेल बिठाकर नहीं किया गया है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

कई क्षेत्रों में खुदाई चल रही है और पानी की लाइनें डाली हुए है वहां पर दुबारा लाईनें डाली जा रही है जो पैसों की बर्बादी है । शहर में फालतू लाइन, आराधर, बलबीर रोड, मोहिनी रोड, राजेश रावत कॉलोनी, मिशन स्कूल नाला, पलटन बाजार, ई.सी रोड आर्य नगर डीएल रोड, चन्दर नगर, चुक्खुवाला, कांवली रोड, गुरुद्वारा के आस-पास की गलिया, इनामुल्लाह बिल्डिंग व तहसील के आसपास क्षेत्र तथा आंतरिक गलिया खुदी हुई है और वह जगह-जगह से घस गयी है। खुदाई में सीवर व पानी की लाईने टूट चुकी थी जिससे लागों के घरों में पीने का गन्दा पानी आ रहा है जिससे लोगों में महामारी का खतरा बना हुआ है तथा इसे शीघ्र ठीक किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही धामावाला में अभी तक चल रहे स्मार्ट सिटी कार्य से व्यापारी वर्ग परेशान है कभी धूल मिटटी के कारण दुकानों में रखा सामान खराब हो रहा है तो कभी सड़के खुदी होने से जाम व दुर्घटना की स्थिति बन रही है। पूर्व में भी कई बार इन समस्याओं को लेकर अधिकारियों को पत्र लिखे गए है पर अभी तक इन समस्याओं का कोई समाधान नहीं निकाला गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र उक्त समस्याओं का समाधान करें और स्मार्ट सिटी कार्यों की थर्ड पार्टी जांच करवाए अन्यथा जनहित में जनता के साथ धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, सोम प्रकाश वाल्मीकि, नागेश रतूडी, अर्जुन सोनकर, मीना बिष्ट, राजेन्द्र बिष्ट, दीप वोहरा, अमीचन्द, वीरेन्द्र बिष्ट, जहांगीर खान, ओमी यादव, विवेक चौहान सहित अनेकों कांग्रेसजन शामिल रहे।

# 'मन की बात' पर लगी राजभवन में चित्र प्रदर्शनी जुटे स्कूली बच्चे




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 2 मई , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, देहरादून द्वारा राजभवन, देहरादून उत्तराखंड में आयोजित की गई दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में दून वैली इंटरनेशनल स्कूल, गोरखा रायफल मिलिट्री स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, अपर कैंप, और उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया सभी छात्र छात्राओं को प्रदर्शनी का अवलोकन के पश्चात उनसे प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनके पुरस्कार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविनाथ रमन, सचिव, राज्यपाल, उत्तराखंड एवं अमित कुमार सिरोही, विधिक सलाहकार, राज्यपाल उत्तराखंड द्वारा वितरित किए गये । डॉक्टर संतोष आशीष सहायक निदेशक केंद्रीय संचार एवं एमएस नयाल क्षेत्र पंचायत सहायक के द्वारा मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। अमित कुमार सिरोही छात्रों को बताया कि उन्हें अपने साथ आगे बढ़ना चाहिए कि वे अपने उद्देश्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकें छात्र-छात्राओं ने कहा कि यह प्रदर्शनी निश्चित रूप से बहुत ही जानकारी प्रद है उन्होंने बढ़-चढ़कर, पूरे उत्साह के साथ आयोजित प्रदर्शनी के प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लिया । इस प्रदर्शनी में आज लगभग 400 छात्र – छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।

## प्रस्तावित ट्रंचिंग ग्राउंड के विरोध में जंगलात रोड पर लगाया जाम

ऋषिकेश। अमित ग्राम के लालपानी बीट में प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण केंद्र के विरोध में ग्रामीणों ने जंगलात रोड पर सांकेतिक जाम लगाकर प्रदर्शन किया। एक स्वर में कूड़ा निस्तारण को आबादी से दूर बनाने की मांग उठाई। चेताया कि प्रशासन ने एकतरफा निर्णय लेकर कार्य शुरू किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। सोमवार से लालपानी बीट में प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण केंद्र पर कार्य शुरू करने की आशंका को लेकर बारिश के बीच संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े महिला और पुरुष अमित ग्राम में शहीद स्मारक पर एकत्रित हुए। यहां लालपानी बीट में नगर निगम ऋषिकेश के प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण केंद्र का विरोध करते हुए जंगलात रोड को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने समस्या के समाधान का रास्ता खोजने की जगह प्रशासन जनता की आवाज का दरकिनार करते हुए हठधर्मिता पर उतारू है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि आबादी के बीच कूड़ा निस्तारण केंद्र बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक स्वर में कहा कि प्रशासन ने एकतरफा निर्णय लेकर प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण केंद्र का कार्य आरंभ किया तो यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक तथा जनविरोधी कदम होगा। समिति सदस्य मानवेंद्र सिंह कंडारी ने बताया कि मामले में जिलाधिकारी ने मंगलवार को नगर निगम ऋषिकेश सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाई है, इसके विरोध में ग्रामीणों को आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ा है।

## राजभवन में महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

देहरादून। सोमवार को राजभवन में महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र समाज कार्यकारिणी समिति, गुजराती समाज समिति और हरिद्वार गुज्जू परिवार समिति के सदस्यों सहित उत्तराखण्ड में कार्यरत महाराष्ट्र और गुजरात मूल के अधिकारियों और उनके परिवारजनों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर दोनों राज्यों की समृद्धशाली परम्परा और लोक संस्कृति पर आधारित शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों में दोनों राज्यों की वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

इस कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उपस्थित दोनों राज्यों के निवासियों को स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन दो जीवंत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्यों की नींव रखे जाने का दिन है, जिन्होंने भारत के इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गुजरात अपनी समृद्ध संस्कृति, विरासत और परम्पराओं के लिए जाना जाता है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मस्थली भी है। वहीं महाराष्ट्र भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई का घर है। यहां पर छत्रपति शिवाजी सहित अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है। राज्यपाल ने कहा कि यह बेहद सराहनीय प्रयास है कि हम सभी दोनों राज्यों के स्थापना दिवस को मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत की ही विशेषता है कि यहां विविधताओं के बावजूद भी एकता है। इस तरह के कार्यक्रम राष्ट्र एकता के लिए बेहद जरूरी है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल ने उपस्थित दोनों राज्यों के निवासियों को राजभवन में स्वागत करते हुए उन्हें स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा सभी राज्यों में अन्य राज्यों के स्थापना दिवस को मनाने के निर्देश प्राप्त हुए जिसके परिप्रेक्ष्य में राजभवन में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने दोनों राज्यों से पधारे सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया।

# मुख्यमंत्री धामी के वॉर से जंगल वॉर ख़त्म

## अनूप मलिक उत्तराखंड वन विभाग के नए चीफ (HOFF) नियुक्त

■ मुख्यमंत्री धामी के विज़न टेक्नोलॉजी ड्रिवन के तहत एमआईएस और जीआईएस पद्धति पर आधारित फॉरेस्ट बाउंड्रीज का डिजिटलाइजेशन और वन मंत्री सुबोध उनियाल का विज़न जनसहभागिता नए HOFF की सर्वोच्च प्राथमिकता



मो सलीम सैफी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 2 मई। उत्तराखंड के धाकड़,संवेदनशील और न्यायप्रिय युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने जुदा अंदाज़ से लगातार लोकप्रिय होते जा रहे है,शासन प्रशासन के पेचीदा मुद्दो पर बड़ी सुझबुझ से निर्णय करने वाले मुख्यमंत्री धामी ने अपने एक ही फैसले से जंगल विभाग को अनुशासन का पाठ पढ़ा दिया अर्थात मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वरिष्टम आई-एफएस अधिकारी अनूप मलिक को वन विभाग का चीफ नियुक्त करके जुगडबाजों को सीधा संकेत दे दिया है कि अनुशासन और वरिष्ठता पर सरकार कोई समझौता करने वाली नही है,अनूप मलिक उत्तराखंड वन विभाग के नए चीफ ( HOFF )बनाए गए है।

**अनुशासन और वरिष्ठता को लेकर धामी सरकार का स्पष्ट संदेश**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले काफ़ी लंबे समय से जंगल विभाग में चल रही उस जंग को एक ही झटके में ख़त्म कर दिया जिससे प्रदेश सरकार को कई मोर्चों पर फजीहत का सामना करना पड़ रहा था,वन मंत्री सुबोध उनियाल हो या शासन में बैठे अधिकारी हर कोई वन विभाग में हॉफ के पद को लेकर चल रही नूरा कुश्ती से तंग आ चुके थे, रोज़ रोज़ अनुशासनहीनता देखने को मिल रही थी मगर मुख्यमंत्री धामी ने अपनी कार्यकुशलता के अनुरूप निर्णय करते हुए अनूप मलिक को हॉफ नियुक्त कर दिया,जो वरिष्ठता क्रम में सबसे सीनियर है।

हरियाणा के रोहतक जिले के मूल निवासी अनूप मलिक 1987 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएफएस अधिकारी है और वर्तमान में उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन परियोजना (जायका) के मुख्य परियोजना निदेशक है।दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से भौतिकी से एमएससी करने वाले अनूप मलिक के पिता दिल्ली पुलिस में ऑफिसर थे हालाकि उनकी स्कूलिंग सोनीपत जिले के राई के मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स से हुई है,अनूप मलिक क्रिकेट के शानदार खिलाड़ी रहे है और उन्होंने क्रिकेट के महागुरु लाला अमरनाथ और मुश्ताक अली से न केवल क्रिकेट के गुर सीखे बल्कि कूच विहार ट्राफी में अंडर 17 ऑल राउंडर के रूप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व भी किया,पिता पुलिस में थे तो उनके अनुशासन के चलते क्रिकेट को बाय बाय कहना पड़ा और मात्र 23 साल की उम्र में आईएफएस बन गए,इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस दिन ये आईएफएस बने वो दिन 15 अप्रैल 1987 का दिन था यानी कि मलिक का 23वा जन्मदिन।

अनूप मलिक देश में सबसे लंबे समय तक किसी भी जायका परियोजना के सीपीडी रहने वाले एकमात्र आईएफएस अधिकारी है जो वर्ष 2014 से लगातार इस पद पर है,इस दौरान अनूप मलिक ने वन पंचायतों में आजीविका संबंधित अनेकों योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाया। अखरोट की खेती में अभूतपूर्व काम करने वाले अनूप मलिक ने CITH कश्मीर की मदद से उत्तराखंड में उम्दा किस्म के अखरोट की बुनियाद रखी और वन क्षेत्रों में जल संचय का विस्तृत जाल बिछा कर जल स्रोतों को मजबूत आयाम दिया,प्राकृतिक खतरों और आपदा जोख़िम में कमी लाने वाले उपायों को वन क्षेत्रों में मज़बूत किया,खेती और वृक्षारोपण के बड़े बड़े प्रोग्राम चलाए।अनूप मलिक भारत सरकार के कृषि मंत्रालय में प्लांट प्रोटेक्शन के डायरेक्टर के पद पर 5 साल से ज्यादा तैनात रहे, वर्ष 2006 से 2012 तक केंद्र में सेवा देने के उपरांत अनूप मलिक



उत्तराखंड वन विभाग में सीसीएफ एचआरडी और मोनेट्रिंग रेवलुएशन रहे ,2014 से लगातार CPD जायका के पद पर है,हमेशा फील्ड पोस्टिंग में रहने वाले अनूप मलिक ने एसीएफ गोरखपुर से अपने कैरियर का सफ़र शुरू किया और 1990 में बतौर डीएफओ पहली पोस्टिंग पिथौरागढ़ में मिली इसके बाद तराई ईस्ट, हल्द्वानी, गोंडा, रायबरेली, सुल्तानपुर,लखनऊ और आगरा में भी डीएफओ रहे।

अनूप मलिक बतौर HOFF मुख्यमंत्री धामी के विज़न को धरातल पर उतरना चाहते है, जिसमें वन विभाग में टेक्नोलॉजी ड्रिवन के तहत एमआईएस और जीआईएस पद्धति पर आधारित फॉरेस्ट बाउंड्रीज का डिजिटलाइ-जेशन शामिल है और वन मंत्री सुबोध उनियाल के विज़न वनों में जनसहभागिता को भी मजबूत करना है,इसके अलावा मलिक की प्राथमिकताओं में वनाग्नि की रोकथाम, वन पंचायतों को आजीविका से जोड़ना,वन्यजीवों की सुरक्षा,वन्य तस्करों पर शिकंजा कसना,ईको टूरिज्म को मज़बूत करना और आय के विकल्पों से राजस्व बड़ोत्तरी का प्रयास करना महत्वपूर्ण है।



# 24 से 28 मई में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन पर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 2 मई, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने 24 से 28 मई 2023 में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उनकी तैयारियों पर विस्तृत जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थलों एवं वापसी में एयरपोर्ट तक विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं जिला प्रशासन आपसी सामंजस्य से हेल्प डेस्क उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों के आवागमन के दौरान यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखते हुए सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि यातायात योजना इस प्रकार से तैयार की जाए कि न ही जी-20 के प्रतिभागियों को कोई समस्या हो, न ही चारधाम यात्रा के यात्रियों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़े।



मुख्य सचिव ने कहा कि देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के समक्ष अपने प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति की झलक पहुंचाने के अवसर के रूप में देखते हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति योगा और आयुष का प्रचार प्रसार के साथ उक्त उत्पादों की जानकारियां भी उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जी-20 कार्यक्रम के दौरान जिन-जिन विभागों की भूमिका रहेगी, उन विभागों द्वारा अपने स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी. मुरुगेशन, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, आर. राजेश कुमार एवं विनोद कुमार सुमन, एस.एन. पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी टिहरी सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पछुवादून में मनाया गया मजदूर दिवस

विकासनगर। पछुवादून में सोमवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान दुनियां के मजदूरों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए सीटू सहित विभिन्न संगठनों ने झंडारोहरण कर मजदूर दिवस मनाया। मजदूर दिवस पर शहीदों को याद कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान सीटू ने केंद्र व राज्य सरकार पर श्रमिक विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। चाय बागान श्रमिक संघ (सीटू) उदियाबाग, गुडरीच के मजदूरों ने अध्यक्ष नन्दलाल की अध्यक्षता में मई दिवस मनाया। सर्वप्रथम गुडरीच फैक्टी गेट पर झंडा आरोहण किया गया। चाय बागान यूनियन के संस्थापक छोटे लाल, रघुनन्दन प्रसाद यादव, मुन्ना लाल, मेलाराम और विरेन्द्र भंडारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा का संचालन करते हुए चाय बागान श्रमिक संघ के सचिव देवानन्द पटेल ने कहा कि 1 मई 1886 के शिकागो आन्दोलन के उन शहिद साथियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने 8 घंटे के कार्यदिवस और मजदूर वर्ग के अधिकारों को स्थापित करने के संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति दी। सीटू के प्रांतीय महामंत्री लेखराज ने कहा कि मौजूदा दौर में देश-दुनिया में नई आर्थिक औद्योगिक नीतियां लागू कर केन्द्र की मोदी सरकार स्वयं पूंजीवादी शोषण व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। किसान सभा के राजेन्द्र पुरोहित ने कहा कि हमारे 29 श्रम कानूनों के स्थान पर लाई गयी चारों श्रम संहिताओं 12 घंटे काम के आदेश को रद करने, उत्तराखंड सरकार द्वारा मालिकों एवं पूंजी पतियों के पक्ष में बनाए कानूनों को रद करने, उत्तराखंड राज्य में न्यूनतम वेतन कमेटी का गठन करने और ट्रेड यूनियनों में प्रतिनिधि रखने की मांग की। इस मौके पर भगवंत पयाल, नंदलाल, विजय, सोनू, चन्द्रपाल यादव, जगदीश, दीपक, संजय, साजन, सन्नो, अनिता, महेश, इंद्रेश, मनोहर लाल, चमन देई और ग्राम पंचायत एटनबाग के प्रधान प्रवीन कुमार ने विचार व्यक्त किए।

# देवभूमि में देह व्यापार का खुलासा, एसएसपी अजय सिंह के चक्रव्यूह में फंसा गिरोह

- होटल में चल रहे अवैध देह व्यापार का किया भंडाफोड़
- खुद ग्राहक बन पुलिस ने खोले कई राज
- दिल्ली और पंजाब की लड़कियों से कराया जा रहा था देह व्यापार
- व्हाट्सएप पर लड़कियों की फोटो भेज, होता था रेट तय
- धर्मनगरी में अधर्म नही होगा माफ, जाना होगा जेलः एसएसपी हरिद्वार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार , 2 मई , कोतवाली नगर हरिद्वार स्थित एक होटल में अवैध देह व्यापार की सूचना मिलने पर AHTU, CIU व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम के साझा प्रयास से अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए देह व्यापार के दलदल में फंसी लड़कियों को आजाद कराते हुए दो होटल मैनेजर को दबोचने में सफलता हासिल की जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कुछ दिनों से हरिद्वार कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल में लगातार देह व्यापार की सूचना मिल रही थी। जिसपर हरिद्वार पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की।

लगातार मिल रही देह व्यापार की सूचनाओं का भंडाफोड़ करने हेतु पुलिस टीम द्वारा सादे कपड़ों में खुद ग्राहक बन कर दलाल से व्हाट्सएप पर बात की। जिसपर दलाल द्वारा व्हाट्सएप पर महिलाओं की फोटो भेज कर रेट तय करने के साथ होटल की जानकारी साझा की गई।

इस पर 04 पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में ग्राहक बन कर बताए गए होटल हिल व्यू में गए और बाकी पूरी टीम कुछ दूरी पर रुक गई। ग्राहक बन कर होटल गए पुलिस कर्मियों को होटल संचालक द्वारा 02 अलग अलग कमरों में 02 लड़कियों के होने की बात बताई जिस पर ग्राहक बन कर गए पुलिस कर्मियों द्वारा अपनी पूरी टीम को इसकी जानकारी साझा की गई।

मौके पर पहुंच कर पुलिस टीम द्वारा बताए गए कमरों को खुलवाने पर 02 अलग अलग कमरों से 02 लड़कियां (पीड़िताए) मिली। जिनके द्वारा बताया गया की वो काम धंधे की तलाश में हरिद्वार आई थी जिनकी मुलाकात रेलवे स्टेशन पर सपना राजपूत नाम की महिला से हुई जिसने इनकी मुलाकात हिल व्यू होटल में काम करने वाले मैनेजर इबदुल्लाह उर्फ रिहान व सोनू से कराई जिनके द्वारा इनको पैसों का लालच दे कर इस गलत धंधे में धकेल दिया गया। जिसमें से सपना राजपूत व सोनू ग्राहक लेकर आते थे और इबदुल्लाह उर्फ रिहान एवं मुकेश शर्मा अपने अपने होटलों क्रमशः होटल हिल व्यू व होटल रैमसन में कमरे उपलब्ध कराते थे।

# फिर रद्द हुई देहरादून से वाराणसी जाने वाली जनता एक्सप्रेस



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 2 मई : देहरादून से चलकर वाराणसी जाने वाली जनता एक्सप्रेस एक बार फिर रद्द कर दी गई है। ट्रेन का संचालन आगामी नौ मई तक नहीं होगा। इसके कारण इस रूट पर चलने वाली दूसरी ट्रेनों पर यात्रियों का बोझ बढ़ गया है। सबसे ज्यादा प्रभाव उपासना एक्सप्रेस पर पड़ा है।बता दें कि इस साल में यह तीसरी बार है जब जनता एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। इससे पहले दिसंबर से फरवरी तक कोहरे के कारण ट्रेन को रद्द किया गया था। इसके बाद अप्रैल में जनता एक्सप्रेस के साथ ही उपासना एक्सप्रेस और कुंभ एक्सप्रेस का संचालन रोक दिया था। कुछ दिन पहले ही तीनों ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया था। लेकिन, एक बार फिर खबर आई कि जनता एक्सप्रेस को नौ मई तक रद्द कर दिया गया है।

स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि बनारस के पास पटरियों की रिमॉडलिंग के कारण ट्रेन का संचालन रद्द किया गया है।जनता एक्सप्रेस का संचालन बंद होने से इस रूट की दूसरी गाड़ियों में भीड़ बढ़ गई। उपासना एक्सप्रेस बीते 10 दिनों से 12 से 20 घंटे तक की देरी से चल रही थी। हालांकि, यह ट्रेन अपने निर्धारित समय पर देहरादून रेलवे स्टेशन पहुंची थी। मगर, इसमें एकाएक आरक्षण की स्थिति गंभीर हो गई और सभी श्रेणियों की वेटिंग लिस्ट 400 तक पहुंच गई। जबकि, आरएसी 40 से 50 तक है। सामान्य श्रेणियों की बोगियों में भी भारी भीड़ है। इससे यात्रियों को खासी परेशानी हो रही है।

## डोईवाला नगर पलिका के खिलाफ सफाई कर्मियों का प्रदर्शन


ऋषिकेश। डोईवाला के सफाई कर्मियों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोला है। वे सफाई कर्मचारियों को दोबारा बहाल नहीं करने और ईपीएफ व ईएसआई पर कार्यवाही न होने से नाराज हैं। उन्होंने मंगलवार को डोईवाला चौक जाम करने और गिरफ्तारी देने की बात कही है। सोमवार को डोईवाला के सफाई कर्मचारी अग्रवाल धर्मशाला में एकत्रित हुए। वहां से वे मार्च करते हुए डोईवाला नगर पालिका पहुंचे। नगर पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी विशाल बिरला ने कहा कि एक माह पूर्व पालिका प्रशासन ने दो कर्मचारियों को निकाल दिया है। जिन्हें दोबारा बहाल किया जाए। इसके अलावा ईपीएफ व ईएसआई सहित अन्य मांगों पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने मंगलवार को डोईवाला चौक जाम करने व परिवार सहित गिरफ्तारी देने की घोषणा की। इस दौरान सभासद मनीष धीमान, सभासद गौरव मल्होत्रा, सभासद प्रतिनिधि भारत भूषण कौशल, सभासद प्रतिनिधि अमित कुमार ने कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया। प्रदर्शन करने वालों में अरविंद धावरी, वीरू गोदियाल, शाखा प्रभारी राजेश मचवा, रोहित, सोहित, जितेंद्र कुमार, सविता देवी, केला देवी, मनोज कुमार, आशा देवी, सौरभ आदि शामिल रहे।

# करोड़पति बनाने वाले झांसेबाजों पर चला एसएसपी श्वेता चौबे का हंटर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी , 2 मई , वर्तमान समय में साइबर ठगों द्वारा आमजनों को फोन कॉल कर (मोबाइल फोन में ड्रीम-11, My 11 Circle एवं तीन पत्ती ऑनलाइन गेम्स में जिताने के नाम पर, बिजली कनेक्शन काटने, टिकट बुकिंग कैंसिल कराने, होटल बुकिंग आदि के नाम पर), ई-मेल, लिंक भेजकर एवं सोशल साइट्स (फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि) पर भिन्न-भिन्न प्रकार के लुभावने ऑफरों के लालच दिया जा रहा है, जिनमें से कई व्यक्ति लालच में आकर साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसी प्रकार के आठ मामलों की शिकायतें जनपद की साइबर सेल कोटद्वार प्राप्त हुयी।






**Case-1**

आवेदक नितिन रावत, निवासी-ढंदाल गांव, पौडी, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके साथ ड्रीम-11 का एजेन्ट बनकर टीम को नम्बर 1 पर लाकर करोड़पति बनाने का झांसा देकर ₹59,000/- की धनराशि ऑनलाइन ठगी की गयी है।

**Case-2**

आवेदक संजय रावत, निवासी-कण्डेटी, पोस्ट सिकुखाल, पौडी, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रेल टिकट बुकिंग कैंसिल का पैसा वापस कराने का झांसा देकर आवेदक से ₹44,991/- की धनराशि ऑनलाइन ठगी की गयी है।

**Case-3**

आवेदक नमन जदली निवासी देवीरोड़, कोटद्वार, जनपद पौडी गढवाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कैश बैक का झांसा देकर ₹16788/- की धनराशि ऑनलाइन ठगी की गयी है।

**Case-4**

आवेदक विरेन्द्र रावत निवासी भारत नगर, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जॉब देने के नाम पर ₹6100/- की धनराशि की ऑनलाइन ठगी की गयी है।

**Case-5**

वेदक शिवम राजपूत निवासी सिडकुल सिगड्डी, कोटद्वार, जनपद पौडी गढवाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के साथ ₹15,000/- की धनराशि ऑनलाइन ठगी की गयी है।

**Case-6**

आवेदिका मीनाक्षी थपलियाल, निवासी-पौडी, जनपद पौडी गढवाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के साथ ₹6000/-की ऑनलाइन ठगी की गयी है।

**Case-7**

आवेदक गौरव कुमार निवासी मोटाढक, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया था कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के साथ ₹4,100/-की धनराशि ऑनलाइन ठगी की गयी है।

**Case-8**

आवेदिका तुषा भट्ट, निवासी-भट्ट इलैक्ट्रानिक्स, पटेल मार्ग कोटद्वार, जनपद पौड़ी द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के साथ ₹57,324/- की धनराशि ऑनलाइन ठगी की गयी है।

इस तरह के अपराधों पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने जनपद की साइबर सेल को शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

जिसके क्रम में शिकायतकर्ता नितिन रावत के ₹59,000/-, संजय रावत के ₹19,996/,नमन जदली के ₹12,435/-, विरेन्द्र रावत के ₹61,00/-, शिवम राजपूत के ₹15,000/, मिनाक्षी थपलियाल ₹6,000/-, गौरव कुमार के ₹41,00/-, एवं तुषा भट्ट के साथ हुयी ₹29,990/- की ऑनलाइन ठगी के सम्बन्ध में जनपद की साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये नियमानुसार सम्बन्धित पैमेन्ट गेटवे /बैंक नोडल से पत्राचार कर उपरोक्त व्यक्तियों की धनराशि को उनके खातों में वापस करायी गयी। जो कि आवेदकों के खातों में प्राप्त हो चुकी है। जिसके सम्बन्ध में आवेदकों द्वारा पौड़ी पुलिस का धन्यवाद किया गया।

# 13-14 मई को श्री अन्न महोत्सव मनाएगा उत्तराखंड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 मई , कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने श्री अन्न महोत्सव 2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। यह महोत्सव 13-14 मई 2023 को सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबड़कला देहरादून में प्रस्तावित है। कृषि विभाग द्वारा आयोजित श्री अन्न महोत्सव का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित मिलेट्स के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष की संकल्पना के अनुरूप मोटे अनाजों के स्वास्थ्यवर्धक लाभों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इस महोत्सव में आंगतुक भारत के विभिन्न राज्यों के स्थानीय अनाजों के स्टॉलों का अवलोकन कर सकेंगे। इसके साथ ही इस महोत्सव में मिलेट्स की उपयोगिता पर चर्चा, वैज्ञानिक सत्र, सम्बन्धित संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा स्टार्टअप द्वारा मिलेट्स पर प्रस्तुतिकरण आदि आयोजित किए जाएंगे।

यह मिलेट्स महोत्सव एक सामूहिक प्रयास है जिसमें विभिन्न हितधारक सम्मिलित है जो मिलेट्स की खेती तथा उपयोग को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसमें, उत्तराखण्ड सरकार का कृषि विभाग तथा अन्य विभाग, इण्डियन इंस्ट्ीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च हैदराबाद, राज्य के कृषि विश्वविद्यालय तथा शोध संस्थान, कृषि महा-विद्यालय, होटल, रेस्टोरेण्ट, कृषक समूह, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह, कोऑपरेटिव सोसाइटीज, स्टार्ट अप, निजी कम्पनियां तथा कृषि निवेशक सम्मिलित होंगे। इस मिलेट्स महोत्सव में केन्द्र सरकार तथा सभी राज्यों के कृषि मंत्री भी प्रतिभाग करेंगे।




बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड में श्री अन्न महोत्सव 2023 का आयोजन किया जाना राज्य के लिए एक उपलब्धि है। महोत्सव को सफल बनाने के लिए सम्बन्धित विभागों को समन्वित प्रयास करने होंगे तथा गम्भीरता से कार्य करने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि इस महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों के लिए मिलेट्स पर आधारित चित्रकला तथा निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाय। महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी आगुंतकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाय। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2021-22 में 2.0 लाख मैट्रिक टन पौष्टिक अनाजों का उत्पादन किया गया, जिससे मिलेट्स की बढ़ती लोकप्रियता तथा बाजार में इसकी भारी मांग का पता चलता है। उत्तराखण्ड में मिलेट्स के उत्पादन के अनुकूल मौसम व आदर्श स्थितियां हैं। मिलेट्स की कृषि को बढ़ावा देने तथा इनके अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 'उत्तराखण्ड मिलेट्स मिशन' प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत मिलेट्स के किसानों को सहायता दी जाएगी तथा मिलेट्स आधारित उत्पादों के लिए मार्केट लिंकेज तैयार किया जाएगा। बैठक में अपर सचिव पूजा गर्ब्याल, निकिता खण्डेलवाल, मनुज गोयल, निदेशक कृषि गौरी शंकर, रजिस्ट्रार सहकारिता आलोक कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड के 6 जिलों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 2 मई : उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मौसम खराब है। बारिश-बर्फबारी के चलते चारधाम यात्रा भी बाधित हो रही है। सड़कें बंद होने की वजह से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर तात्कालिक पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार देहरादून, नैनीताल, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, उधम सिंह नगर और चंपावत जैसे जिलों में कहीं-कहीं आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि होने और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। इसे देखते हुए इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य के सभी जनपदों के कुछ स्थानों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कहा कि बिजली गिरने से जानमाल की हानि हो सकती है। ओलावृष्टि से खुले स्थानों पर रह रहे लोग और मवेशी घायल हो सकते है।

प्रदेश के 3500 मीटर से अधिक वाले इलाकों में तेज बारिश और बर्फबारी की संभावना है। वहीं, कई जगह बारिश और ओलावृष्टि होने के भी आसार हैं। बारिश और बर्फबारी की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई है। यमुनोत्री सहित यमुना घाटी में लगातार बारिश हो रही है। ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी से ठंड और बढ़ गई है। केदारनाथ धाम में भी बर्फबारी हो रही है, जिसके चलते तीर्थयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





# मांग के बावजूद मनरेगा बजट कटौती अच्छा संकेत नहीं : यशपाल आर्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 मई , वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के बजट अनुमान में कटौती पर नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने चिंता ज़ाहिर करे हुए सरकार से प्रश्न किया है । उन्होंने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में आरंभिक स्तर पर ही ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा के लिए 98,000 करोड़ रूपये की प्रस्तावित मांग की तुलना में 60,000 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। मनरेगा के तहत आवंटन में 30 हज़ार करोड़ की कटौती समझ नहीं आ पायी है।'



नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह योजना देश भर के लाखों परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग 5.6 करोड़ परिवार इस योजना से लाभान्वित होते है। मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक प्रमुख जरिया है. खासतौर से भूमिहीन मजदूर और सीमांत /लघु किसानों के लिए यह एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम है. लेकिन, मांग के बावजूद इसके बजट में कटौती करना अच्छा संकेत नहीं है.इसके साथ ही सरकार ने मनरेगा श्रमिक की उपस्थिति और मजदूरी सुनिश्चित करने के लिए एक अजीबोगरीब और पूरी तरह से अव्यवहारिक ₹NMMS ऐप₹ को अनिवार्य कर दिया गया है। मनरेगा के सभी कार्यस्थलों पर साथियों को अपने फोन से दिन में दो बार सभी श्रमिकों की तस्वीरें अपलोड करनी पड़ती हैं, और सैकड़ों हजारों मजदूरी से वंचित रह जाते हैं क्योंकि वे दिन का अपना काम पूरा करने के बाद भी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाते हैं।बार-बार इस आरोप के बावजूद कि मनरेगा के लाभार्थी आलसी हैं, योजना वास्तव में श्रमिकों को पीस रेट के आधार पर भुगतान करती है, मापित उत्पादकता के अनुसार मजदूरी कम करती है। ऐप अपने सबसे अच्छे रूप में केवल कार्यस्थलों पर श्रमिकों की उपस्थिति दिखा सकता है। इससे कोई प्रयोजन पूरा नहीं होता, क्योंकि भुगतान आउटपुट पर किया जाता है, और किसी के पास समय नहीं है कि वह करोड़ों श्रमिकों की अपलोड की गई तस्वीरों को देखे। ऐप केवल कार्यक्रम के साथ श्रमिकों की शत्रुता और हताशा को बढ़ायेगा।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत १०० दिन के रोज़गार की गारंटी दी जाती है ।वर्तमान बजट से 100 दिन के रोजगार की गारंटी नहीं दी जा सकती चूंकि फंड की कमी है इसलिए प्रशासन जानबूझकर काम की मांग को दबाएगा ।मनरेगा के लिए अभी जो आवंटन है, यानी 60,000 करोड़ रु, उससे सिर्फ 30 दिन रोजगार की गारंटी दी जा सकती है.नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के मुताबिक मनरेगा एक अद्वितीय मांग संचालित कानूनी ढांचा है, जो बजट से बाधित नहीं होना चाहिए। 2008 से 2011 तक वार्षिक आवंटन सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.4% था, और यह दावा किया गया था कि आवश्यकता पड़ने पर और धन प्रदान किया जाएगा। अर्थशास्त्रियों और कार्यकर्ताओं ने इसके कार्यान्वयन का बारीकी से अध्ययन करते हुए अनुमान लगाया कि उस राशि से दोगुने से अधिक, या सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1%, इसे एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा से एक कानून की ओर बढ़ने का अवसर देने के लिए आवश्यक होगा जो ग्रामीण भारत में वास्तविक परिवर्तन को गति देगा। .आर्य ने कहा कि इस साल 60,000 करोड़ रुपये का आवंटन जीडीपी के 0.2% से कम है। इसलिए, वास्तविक रूप में, यह अब तक का सबसे कम मनरेगा आवंटन है। मनरेगा के बजट कटौती से पता चलता है कि सरकार कैसे, एक बहुत ही सावधानी से परिकल्पित कानून को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर रही कि अब यह न्यूनतम सीमा स्तर पर रोजगार प्रदान करने में भी सक्षम नहीं होगा।

# देहरादून में बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों पर बड़ी कार्रवाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 2 मई : नई गाड़ी हर किसी को जबर्दस्त किक देती है। यही वजह है कि गाड़ी का स्टेयरिंग हाथ में आते ही मन सड़क पर दौड़ने को मचलने लगता है, लेकिन जरा ठहरिए। ऐसा करने से पहले गाड़ी का रजिस्ट्रेशन जरूर करा लें, नंबर प्लेट भी लगवा लें। ऐसा न करने पर आप पर हजारों रुपये का जुर्माना लग सकता है, एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई हो सकती है। बात करें राजधानी देहरादून की तो यहां पर भी लोग एमवी एक्ट के नियमों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। शहर की सड़कों पर कई वाहन बिना रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट के दौड़ रहे हैं। कई बार डीलर की गलती से रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट लगने में हफ्ते-दो हफ्ते का वक्त लग रहा तो कई बार ग्राहक जिद कर के नई गाड़ी पर एप्लाई फॉर का पर्चा चिपका कर सड़क पर उतर जाते हैं। जबकि ऐसा कोई नियम नहीं है। कई बार वाहन के रजिस्ट्रेशन में दो हफ्ते तक का समय लग जाता है। ऐसे में ग्राहक बिना सब्र किए वाहन सड़क पर उतार देते हैं। इसके कई नुकसान हैं।बिना रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट वाले वाहन से अगर कोई एक्सीडेंट या अपराध होता है तो अपराधी को पकड़ना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि ऐसे वाहन ट्रेस नहीं किए जा सकते। एएनपीआर कैमरे भी ओवरस्पीड, रेड लाइट जंप या रांग साइड से आने पर इनका चालान नहीं कर सकते। आरटीओ प्रवर्तन सुनील शर्मा कहते हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहन सड़क पर चलाने पर पांच हजार का चालान व नंबर प्लेट नहीं होने पर 500 रुपये के चालान का नियम है।



# तलाक को लेकर सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 मई , तलाक को लेकर सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला सामने आया है. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने कहा कि जहां रिश्तों में सुधार की गुंजाइश न बची हो, ऐसे मामलों में तलाक (Divorce) को मंजूरी दे सकता है. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि संविधान के आर्टिकल 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ऐसी मंजूरी दे सकती है. विवाह के निश्चित तौर पर टूट चुके मामलों में कपल को जरूरी वेटिंग पीरियड का इंतजार करने की जरूरत नहीं है. मौजूदा विवाह कानूनों के मुताबिक पति-पत्नी की सहमति के बावजूद पहले फैमिली कोर्ट्स (Family Court) एक समय सीमा तक दोनों पक्षों को पुनर्विचार करने का समय देते हैं.

जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, एएस ओका, विक्रम नाथ और जेके माहेश्वरी की संविधान पीठ ने कहा कि 'हमने ऐसे कारक भी निर्धारित किए हैं जो यह तय कर सकते हैं कि विवाह कब पूरी तरह से टूट चुका है.' बेंच ने यह भी बताया है कि विशेष रूप से रखरखाव, गुजारा भत्ता और बच्चों के अधिकारों के संबंध में हितों को कैसे संतुलित किया जाए. पांच जजों की इस पीठ ने 29 सितंबर, 2022 को सुनवाई पूरी करने के बाद इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. अपने आदेश को सुरक्षित रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सामाजिक बदलावों में कुछ समय लग सकता है और नए कानूनों को लागू करना समाज को अपनाने के लिए राजी करने से ज्यादा आसान हो सकता है. बहरहाल इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भारत में विवाह में परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया था.



संविधान पीठ को भेजा गया मूल मुद्दा यह था कि क्या आपसी सहमति से तलाक के लिए इच्छुक जोड़ों को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13बी के तहत निर्धारित अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन करना जरूरी है. या फिर अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशाल शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे माफ किया जा सकता है. जिससे तलाक हासिल करने के लिए लंबी न्यायिक कार्यवाही के लिए फैमिलि कोर्ट गए बगैर सहमति वाले ऐसे जोड़ों के बीच जिनमें रिश्तों में सुधार की गुंजाइश नहीं बची हो, तलाक को मंजूरी देनी चाहिए. हालांकि सुनवाई के दौरान संविधान पीठ ने इस मुद्दे पर विचार करने का फैसला लिया कि क्या विवाहों को निश्चित तौर पर टूटने के आधार पर खत्म किया जा सकता है.

# देहरादून : लुटेरी हसीना के गिरोह का शिकार बना टीचर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 2 मई : अगर आप भी सोशल मीडिया पर सच्चे प्यार या दोस्त की तलाश में रहते हैं तो सावधान हो जाइए। इस आदत को जितना जल्दी बदल लें आपकी जेब और इज्जत के लिए उतना ही अच्छा होगा। सोशल मीडिया पर ऐसे लोगों का ग्रुप सक्रिय है जो हनीट्रैप में फंसाकर उगाही का धंधा कर रहा है। काशीपुर के रहने वाले एक टीचर भी ऐसे ही एक गिरोह का शिकार बन गए। आरोपियों ने शिक्षक को हनीट्रैप में फंसा कर नकदी व अन्य सामान छीन लिया था। अच्छी बात ये है कि सभी आरोपी पकड़ लिए गए हैं। उनके पास से शिक्षक से लूटा गया सामान और स्कूटी बरामद कर ली गई है।



घटना आईआईटी थाना क्षेत्र की है। पीड़ित यहां पर एक विद्यालय में सहायक अध्यापक के तौर पर कार्यरत है। पुलिस को दी गई शिकायत में शिक्षक ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें फेसबुक पर एक लड़की मिली। दोनो के बीच दोस्ती हो गई।21 अप्रैल को लड़की बोली कि उसका जन्मदिन है। पार्टी के बहाने शिक्षक को जसपुर खुर्द के एक मकान में बुला लिया गया। जैसे ही शिक्षक वहां पहुंचे लड़की ने उनके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। इस बीच तीन लड़के वहां आ धमके। इन लड़कों ने शिक्षक को धमकाकर उसका वीडियो बना लिया, साथ में मारपीट भी की। इतना ही नहीं आरोपियों ने शिक्षक से तीस हजार नकद और दस हजार गूगल पे के जरिये ले लिए। बाद में आरोपियों ने शिक्षक को चीमा चौराहे पर छोड़ दिया, लेकिन जाते-जाते शिक्षक की स्कूटी, क्रेडिट कार्ड और मोबाइल अपने साथ ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लड़की, उसके दोस्त व दो अन्य आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूट का सामान भी बरामद किया गया है। आप भी इस घटना से सबक लें और सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें।

# 'Support to child education'
# मिशन पर जुटे SSP अजय सिंह

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार , 2 मई , भिक्षावृत्ति, कुड़ा बीनने, गुब्बारे बैचने आदि कार्यों में लिप्त बच्चों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उनके लिए शिक्षा के द्वार खोलने के लिए मुख्यालय स्तर पर मिले निर्देशों के आधार पर एसएसपी अजय सिंह द्वारा जनपद हरिद्वार में 04अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। "भिक्षा नहीं, शिक्षा दें" थीम के तहत चलाए गए "ऑपरेशन मुक्ति" हेतु गठित टीमों द्वारा 1 मार्च से 31 मार्च 2023 तक अभियान के प्रथम चरण में पूर्व में सत्यापित कुल 638 बच्चों का पुनः सत्यापन किया गया तो 132 बच्चे विद्यालयों में अध्ययनरत थे खानाबदोश जीवनयापन कर रहे शेष 506 बालक-बालिकाओं में से अधिकांश के हरिद्वार से पलायन करने के कारण अनेक कठिनाइयों का सामना करने के उपरांत टीमों द्वारा 79 बच्चों की तलाश की गई तथा उनसे व उनके अभिभावकों से बातचीत कर काउंसलिग के उपरांत उक्त 79 बच्चों का विद्यालयों में पुनः प्रवेश कराया गया

1 अप्रैल 2023 से शुरु किए गए अभियान के द्वितीय चरण में टीमों द्वारा ऑपरेशन मुक्ति अभियान के प्रचार प्रसार हेतु लगातार जन जागरूकता, गोष्ठियों एवं बस्तियों, कॉलोनियों, गांव, विद्यालय में जाकर लघु गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बालविवाह, बन्धुआ मजदूरी, साईबर अपराध से सम्बंधित जानकारी (1930),चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098,महिला हेल्प लाइन नम्बर 1090, महिला उत्पीड़न, उत्तराखण्ड पुलिस एप को इंस्टाल करने की प्रक्रिया,मानव/मानव अंगों की तस्करी के बारे में जागरूक किया जा रहा है।







इसके अतिरिक्त रेलवे पुलिस बल हरिद्वार के साथ समन्वय स्थापित कर रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन में भी ₹भिक्षा नही शिक्षा₹ विषय पर आने जाने वाले यात्रियों को भी लगातार जागरूक किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों, स्कूल, कालेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, शार्ट फिल्म, पोस्टर, बैनर एवं ध्वनि विस्तारण यंत्र के माध्यम से आमजन को असहाय/ गरीब बच्चों को भिक्षा के बजाए शिक्षा देने के लिए प्रेरित करते हुए पूरे जनपद में 475 नए बच्चों को चिन्हित कर सत्यापन अभियान चलाया गया। उक्त बालक बालिकाओं में से *263 बच्चों का जनपद के अलग-अलग प्राथमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी में दाखिला कराया गया

शेष बच्चों के विद्यालय में दाखिले हेतु विभिन्न प्रमाण पत्र संग्रहित करने की प्रक्रिया प्रचलित है। जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा एवं बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों द्वारा भी प्रशंसा की जा रही है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा 01 मार्च 2023 से अभी तक 12 बच्चों का रेस्क्यू कर उक्त में से 11 बच्चों को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका है। शेष 01 बच्चे को बाल संरक्षण गृह में दाखिल कर परिजनों की तलाश की जा रही है।

## संपादकीय



### कर्नाटक के 'मन की बात'

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के जरिए जनता-जनार्दन का आह्वान तो किया है। उनसे लगातार जुड़े रहे हैं। देश के 100 करोड़ से ज्यादा लोगों ने यह कार्यक्रम देखा और सुना है। संयुक्त राष्ट्र तक में 100वें एपिसोड का सीधा प्रसारण देखा गया, लेकिन अब कर्नाटक के 'मन की बात' भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। उसे जानने-सुनने का वक़्त आ गया है। कर्नाटक में भाजपा सत्तारूढ़ है और 2004 से 2019 तक प्रत्येक लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें भाजपा जीतती रही है। अब चिंता कर्नाटक विधानसभा की है। भाजपा की 'अग्नि-परीक्षा' जैसी स्थितियां हैं, क्योंकि जो ख़बरें सामने आ रही हैं और जो सर्वे किए गए हैं, उनका सारांश यह है कि कांग्रेस के पक्ष में 'अंडर करंट' है। कांग्रेस को फायदा हो सकता है। स्पष्ट बहुमत के आसार भी जताए जा रहे हैं। भाजपा सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के आह्वानों, मुद्दों और लोकप्रियता के आसरे ही है, लिहाजा 7 मई तक उनकी 16 जनसभाओं और रोड शो के आयोजन तय कर लिए गए हैं। कर्नाटक एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां प्रधानमंत्री ने जनवरी से अप्रैल तक 9 दौरे किए हैं। किसी भी तरह प्रधानमंत्री कर्नाटक में सत्ता-विरोधी लहर को थामना चाहते हैं, लिहाजा प्रयास ये भी किए जा रहे हैं कि जनादेश त्रिशंकु आए, ताकि कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखा जा सके। भाजपा की रणनीति है कि जनता दल-एस के कुमार स्वामी को मुख्यमंत्री बनाने की पेशकश की जाए और भाजपा जद-एस के साथ गठबंधन सरकार बना सके। बहरहाल यह तो 13 मई को स्पष्ट होगा कि जनादेश किसके पक्ष में, कितना, रहता है, लेकिन 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार, मुस्लिम आरक्षण, जातीय जनगणना, स्थानीय मुद्दे, किसानी और रेवडियां आदि पर कन्नड़ की जनता स्पष्ट प्रतिक्रियाएं दे रही है। भ्रष्टाचार और दलाली बेहद अहं मुद्दे बन चुके हैं। जाहिर है कि वे भाजपा के खिलाफ ही जा रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार को देश भर की 'कड़वी हकीकत' बताने की कोशिश की है। कांग्रेस प्रधानमंत्री को जो 91 गालियां दे चुकी है, उस पर भी जनता की तल्खी और नाराज़गी तय करने की कोशिश खुद प्रधानमंत्री ने की है। प्रधानमंत्री कर्नाटक को देश का 'नंबर वन' राज्य बनाना चाहते हैं। सबसे अधिक विदेशी निवेश इस बार कर्नाटक में आया है। अमूमन यह मुंबई में आता रहा है, क्योंकि वह देश की आर्थिक राजधानी है। उद्योग फल-फूल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और जद-एस की 'गारंटियों' को बेमानी करार दिया है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बिना मर्जी हो रही थी शादी, लड़की ने ऋषिकेश गंगा नदी में लगा दी छलांग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 2 मई : देहरादून की एक युवती खुदकुशी के इरादे से ऋषिकेश पहुंच गई। यहां उसने गंगा में छलांग लगा दी, हालांकि युवती की किस्मत अच्छी थी। कोई अनहोनी होने से पहले ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और बैराज जलाशय में डूब रही युवती को बचा लिया। घटना दोपहर की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवती ने बैराज जलाशय में छलांग लगा दी है, वो पानी में डूब रही है। तभी आस्था पथ पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत कर युवती की जान बचा ली। बाद में पूछताछ शुरू हुई तो युवती ने ऐसा करने की वजह बताई। युवती ने कहा कि उसके माता-पिता जबरन उसकी शादी कहीं और कराना चाहते हैं, जबकि वो इसके लिए राजी नहीं है। युवती की उम्र करीब 22 साल है।



उसने बताया कि परिजनों ने उसकी इच्छा के खिलाफ उसकी शादी कहीं और तय कर दी। अब उस पर शादी का दबाव बनाया जा रहा है। परिवार वाले नहीं माने तो वो आत्महत्या करने के लिए ऋषिकेश आ गई। अच्छी बात ये है कि पुलिस के प्रयासों से युवती की जान बचा ली गई। बाद में उसके परिजनों को मौके पर बुलाया गया और युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रुड़की : पिता ने नशा करने से रोका, बेटे ने जान से मार डाला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 2 मई : उत्तराखंड में नशे की लत परिवारों को तबाह कर रही है। मामला हरिद्वार के रुड़की का है। जहां नशे के लती बेटे ने अपने पिता की जान ले ली। पिता का कसूर बस ये था कि वो बेटे को सही राह पर लाना चाहते थे, उसे नशा करने से रोकते थे। बाईट दिन पिता ने बेटे को नशा न करने की हिदायत दी। इसी बात पर बेटे ने पिता को पीटना शुरू कर दिया। विवाद के दौरान पिता फर्श पर गिरे और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान घर में बेटे के साथ उसके कुछ दोस्त और एक युवती भी थी। घटना के बाद सभी वहां से फरार हो गए। घटना मोहनपुरा के लक्ष्मी नगर कॉलोनी की है। यहां 68 साल के रामपाल अपने छोटे बेटे योगेंद्र के साथ रह रहे थे। रामपाल की पत्नी की करीब 3 साल पहले मौत हो गई थी। लोगों ने बताया कि रामपाल के बेटे योगेंद्र को नशे की लत थी। रामपाल अक्सर योगेंद्र को नशा करने से रोकते थे। इसी को लेकर पिता-बेटे में झगड़ा भी होता था। बीते दिन सुबह भी यही हुआ। किसी ने पुलिस को बताया कि रामपाल की उसके बेटे ने घर में हत्या कर दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो रामपाल के सिर से खून बह रहा था और उनकी मौत हो चुकी थी।

उनके हाथ और चेहरे पर चोट के निशान थे। पूछताछ में पता चला कि सुबह रामपाल के छोटे बेटे के कुछ दोस्त जिनमें एक युवती भी शामिल थी घर पर आए थे। इसी दौरान पिता से बेटे का विवाद हुआ। झगड़े के दौरान रामपाल का सिर फर्श से टकरा गया और उनकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी और उसके दोस्त फरार हो गए। बहरहाल पुलिस ने मृतक के बड़े बेटे को घटना की जानकारी दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। आरोपी बेटे और उसके दोस्तों की तलाश की जा रही है।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# डीएम सोनिका ने जनसुनवाई में ताबड़तोड़ निपटाए मामले, दिए निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 2 मई , जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया । इस जनसुनवाई में 74 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों में नगर निगम की भूमि पर कब्जा, सम्पति बटवारा विवाद, आर्थिक सहायता दिलाने, पुलिया निर्माण करवाने, स्कूल में दाखिला दिलाने, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, आर्थिक सहायता दिलाने, अवैध खनन, वेतन दिलवाने, आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने भूमि कब्जे, अतिक्रमण, भूमि खुर्दबुर्द्ध करने की शिकायत पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार नगर निगम को अपनी भूमि पर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। साथ सम्पत्ति विवाद के प्रकरणों पर अभिलेखीय जांच सहित मौका मुआयना कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें साथ ही विभाग अपने स्तर पर भी जनसुनवाई प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करें।
जनसुनवाई में कांवली रोड निवासी श्रीमती रजनी ने अपनी 06 वर्षीय पुत्री रोशनी का विद्यालय में दाखिला कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को रोशनी स्कूल में दाखिला दिलाने की कार्यवाही करते हुए सूचना से अवगत कराने के निर्देश दिए।

ग्राम आसोई चकराता में निजी एवं वन भूमि सहित टौंस नदी में अवैध खनन की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला खनन अधिकारी, वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम सैसा पो0 कोरूवा विकासखण्ड कालसी निवासी किशन सिंह ने बरसात में खेतों में खतरा बना रहता है उनके द्वारा खेतों के पास पुलिया निर्माण करने का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। बहादुरपुर रोड सेलाकुई निवासी पिंकी ने अपनी शिकायत की कि उनके पति की वर्ष 2019 में मृत्यु हो गई थी उनके पति द्वारा होमलोन लिया गया था, जिसमें दुर्घटना बीमा था, बैंक द्वारा मकान को सील लगा दी गई तथा दुर्घटना बीमा राशि का भुगतान नही किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने एलडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए। वन विभाग झाझरा रेंज में नर्सरी में कार्यरत तीन आउटसोर्स कर्मियों द्वारा वर्ष 2022 से वेतन न मिलने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्बन्धित कार्मिकों को नियमानसुार यथाशीघ्र वेतन जारी किया जाए। इसी प्रकार हरबर्टपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला ने बेटे पर सम्पत्ति कब्जाने तथा घर से निकालने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर एवं थानाध्यक्ष थाना विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही तहसील डोईवाला अन्तर्गत भूमि खुर्द्ध-बुर्द्ध करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ एस के बरनवाल, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चैहान, पुलिस अधीक्षक क्राईम सर्वेश पंवार, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 विद्याधर कापड़ी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, जिला पूर्ति अधिकारी, सहित नगर निगम, जल संस्थान, लोनिवि, विद्युत आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 46 हजार यात्रियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षणः डॉ. धन सिंह रावत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



- 10 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को मिली ओपीडी की सुविधा
- आपात स्थिति में अलर्ट रहेंगे एम्स ऋषिकेश व राजकीय मेडिकल कॉलेज

देहरादून, 2 मई , राज्य सरकार द्वारा चारों धामों सहित यात्रा मार्गों पर तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिनका लाभ यात्रा पर आये तीर्थयात्रियों को बखूबी मिल रहा है। अब तक चार धाम यात्रा मार्गों पर स्थापित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में 46 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों का मेडिकल चेकअप किया जा चुका है जबकि 10 हजार से अधिक यात्रियों को ओपीडी की सुविधा प्रदान की गई है, दो तीर्थयात्रियों को आपात स्थिति में एयर लिफ्ट करने के साथ ही 35 यात्रियों को एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर रैफर किया गया है। स्वास्थ्य विभाग यात्रा मार्गों पर तीर्थयात्रियों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में जुटा है इसके अलावा विभाग स्वास्थ्य सेवाओं की भी लागातर मॉनिटिरिंग कर रहा है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य में चार धाम यात्रा जोर-शोर से चल रही है, जिसमें देश-विदेश के लाखों तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक गंगोत्री-यमुनोत्री में एक लाख से अधिक यात्री दर्शन कर चुके हैं जबकि बदरी-केदार धाम में पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या सवा लाख पार कर चुकी है। राज्य का स्वास्थ्य महकमा यहां आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह से सजग है। जिसके फलस्वरूप विभाग अब तक चार धाम में आने वाले 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 46 हजार से अधिक यात्रियों की स्वास्थ्य जांच कर चुका है जबकि यात्रा मार्गों पर स्थापित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में 10 हजार 385 यात्रियों की ओपीडी तथा 661 यात्रियों को आपातकालीन चिकित्सा सेवा मुहैया कराई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि दो यात्रियों को आपात स्थिति में एयर एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया है जबकि 33 यात्रियों को एम्बुलेंस की सहायता से हायर सेंटर पहुंचाया गया। डॉ. रावत ने बताया कि चार धाम यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के दृष्टिगत 48 स्थाई तथा 23 अस्थाई चिकित्सा इकाई स्थापित की गई है, जहां पर 29 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 182 चिकित्साधिकारी तैनात किये गये हैं।

यात्रा मार्गों पर 95 पीओसीटी डिवासेज उपलब्ध कराई गई हैं जिनके जरिये यात्रियों की ईसीजी के साथ ही आक्सीजन लेवल एवं रक्तचाप की जांच भी की जा रही है। इसके अलावा 272 पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती की गई है जिनमें 182 स्टाफ नर्स व 90 फार्मासिस्ट शामिल है। चार धाम यात्रा में 96 विभागीय एम्बुलेंस व 77 आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस के साथ ही एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस व बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सहित कुल 200 एम्बुलेंस की तैनाती की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिये यात्रा मार्गों पर 11 ब्ल्ड बैंक व 2 ब्ल्ड संग्रहण केन्द्र भी क्रियाशील हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर, देहरादून व एम्स ऋषिकेश को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# एसपी चमोली प्रमेन्द्र डोबाल ने श्री बद्रीनाथ धाम में परखी सुरक्षा व्यवस्था

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बद्रीनाथ , 2 मई , पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल ने श्री बद्रीनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं की सहायता कर उन्हें सुगमता से दर्शन करने की व्यवस्था बनाने तथा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराने हेतु निर्देश दिए। महोदय द्वारा सम्पूर्ण मन्दिर परिसर का भ्रमण कर तप्त कुण्ड, ब्रह्मकपाल, नया पुल, गाँधीघाट आदि स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौसम विभाग के द्वारा अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में बारिश व बर्फबारी हेतु येलो अलर्ट जारी किया गया अतः पर्यटकों की सुरक्षा के दृष्टिगत फिलहाल माणा गांव से आगे वसुधारा की ओर न जाने दिया जाए। यात्री वाहनों को बैरियरों पर रोककर इसकी जानकारी प्रदान किये जाने के निर्देश दिए।






महोदय द्वारा श्रद्धालुओं से संवाद कर लगातार हो रही बारिश में छाता, रेनकोट, गर्म कपड़े आवश्यक दवाईयां आदि साथ रखने व ठंड से बचने तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी गयी। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक चमोली प्रमोद शाह, उपाधीक्षक आपरेशन/यातायात नताशा, प्रतिसार निरीक्षक चमोली आनन्द सिंह रावत, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री बद्रीनाथ कैलाश चन्द्र भट्ठ तथा अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे।